फर्द अहकाम (अनुवर्ती)
Order sheet (Subsequent)

CNR No. RJSG010023592018

**वाद की प्रकृति**.........सिविल प्रकीर्ण ......................**संख्यांक**.........08....................**वर्ष**..2019..........
(Nature of case) (No. Of Case) (Year)

....................सरवण आदि ............................**बनाम**................हरआम व खास ............................

| दिनांक | आदेश मय लघु हस्ताक्षर पीठासीन अधिकारी | आदेश पालना बाबत संक्षिप्त टिप्पणी |
|---|---|---|
| 23.07.2026 | अधिवक्ता प्रार्थी पक्ष उपस्थित। अप्रार्थी सं .3 से 5 के विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही है। अन्य अप्रार्थीगण अनुपस्थित हैं। इस आदेशिका द्वारा प्रार्थी पक्ष की ओर से राजेन्द्र पुत्र भादरराम द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र अंतर्गत आदेश 22 नियम 3 सि.प्र.सं. व धारा 5 मियाद अधिनियम एवं प्रार्थना पत्र अंतर्गत आदेश 22 नियम 9 सि.प्र.सं. का निस्तारण किया जा रहा है। पत्रावली का अवलोकन किया गया।<br><br>प्रार्थी पक्ष की ओर से उक्त प्रार्थना पत्र के अंतर्गत प्रार्थी वादी सं.2 भादरराम की मृत्यु दिनांक 20.7.2022 को हो जाने के पश्चात उनके स्थान पर कायम मुकाम के रूप में उनके वारिसान इन्द्राज पुत्र भादरराम, राजेन्द्र पुत्र भादरराम, सतपाल पुत्र भादरराम एवं संतोष पुत्री भादरराम को रिकॉर्ड पर लेने की एवं प्रार्थना पत्र प्रस्तुति में हुए विलंब को क्षमा कर वारिसान को रिकॉर्ड पर लेने की प्रार्थना की गई है व यह अभिव्यक्त किया गया है कि उन्हें अपने पिता द्वारा वसीयत के संबंध में दावा चलने की जानकारी नहीं थी व दिनांक 26.2.2026 को पता चलने पर यह प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर दिया गया है, जानबूझकर कोई देरी नहीं की है व ज्ञान होते ही प्रार्थना पत्र पेश कर दिया गया है।<br><br>अप्रार्थी पक्ष की ओर उक्त प्रार्थना का कोई उत्तर प्रस्तुत नहीं हुआ है, अपितु प्रकरण में उपस्थित अप्रार्थीगण सं. 3 से 5 द्वारा जवाब प्रार्थना पत्र हेतु अवसर लिए जाने के उपरांत कोई जवाब पेश नहीं किया गया व दिनांक 13.7.2026 को उनके अनुपस्थित होने पर उनके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही आदेश हुआ है और आज भी अनुपस्थित हैं।<br><br>अधिवक्ता प्रार्थी के पक्षकथनों पर मनन किया गया एवं पत्रावली का अवलोकन किया गया।<br><br>प्रार्थी सं.2 भादरराम की मृत्यु दिनांक 20.7.2022 को हो चुकी है और मृतक पक्षकार के विधिक उत्तराधिकारीगण को अभिलेख पर लेने हेतु प्रार्थना पत्र दिनांक 27.2.2026 को प्रस्तुत गया है व विलंब के संबंध में यह कारण दर्शित किया गया है कि उन्हें अपने स्वर्गीय पिता द्वारा संस्थित वाद प्रकरण के संबंध में जानकारी नहीं होने से नियत अवधि में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करने से निवारित रहे हैं और दिनांक 26.2.2026 को ज्ञान होते ही अविलंब दिनांक 27.2.2026 को यह प्रार्थना पत्र मय शपथ पत्र पेश कर दिए गए हैं। अप्रार्थी पक्ष की ओर से कोई आपत्ति कथन पेश | |

फर्द अहकाम (अनुवर्ती)
Order sheet (Subsequent)

CNR No. RJSG010023592018

**वाद की प्रकृति**.........सिविल प्रकीर्ण .......................**संख्यांक**..........08....................**वर्ष**..2019..........
(Nature of case) (No. Of Case) (Year)

.....................सरवण आदि ..............................**बनाम**................हरआम व खास .............................

| दिनांक | आदेश मय लघु हस्ताक्षर पीठासीन अधिकारी | आदेश पालना बाबत संक्षिप्त टिप्पणी |
| --- | --- | --- |
| | कर खंडन नहीं किया गया है, अपितु सुनवाई के दौरान अप्रार्थीगण अनुपस्थित हो गए हैं। प्रकरण के तथ्यों व परिस्थितियों को देखते हुए व विधिपूर्ण निस्तारण हेतु न्यायहित में देरी को क्षमा करते हुए मृतक प्रार्थी सं.2 भादरराम के वारिसान पुत्रगण क्रमशः इन्द्राज, राजेन्द्र एवं सतपाल एवं पुत्री संतोष को 2/1 से 2/4 के रूप में रिकॉर्ड पर लिया जाता है। तदानुसार प्रार्थी पक्ष की ओर से प्रस्तुत किए गए उक्त तीनों प्रार्थना पत्र स्वीकार किए जाते हैं। प्रार्थी पक्ष तदनुसार 14 दिन के अंदर संशोधित शीर्षक पेश करे। आदेश सुनाया गया।<br><br>पत्रावली पेश होने से संशोधित शीर्षक व साक्ष्य एकपक्षीय प्रार्थी पक्ष हेतु दिनांक को पेश हो।<br><br>**(रविन्द्र कुमार)**<br><br>पुनश्चः अधिवक्ता वादी ने संशोधित शीर्षक व फार्म नं. 3 के साथ दस्तावेज पेश किये। शामिल पत्रावली हों।<br>पत्रावली वास्ते साक्ष्य एकपक्षीय में दिनांक 30.07.26 को पेश हो।<br><br>SURESH KUMAR SAPRA<br>"Authenticated Document" steno Gr.1<br>Digitally signed by SURESH KUMAR SAPRA<br>Date: 2026.07.23 17:02:12 +0530 | |